वर्ल्ड मेडिटेशन दे के अवसर पर विधायक ने बच्चों के साथ किया ध्यान

भिलाईनगर। हमारे भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया है। पूरी दुनिया आज ध्यान की अनुभूति कर रही है। ध्यान हमारे ऋषि मुनियों की देन है आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रविशंकर का कहना है कि जिस प्रकार से साबुन के इस्तेमाल करने से शरीर स्वच्छ हो जाता है। इस प्रकार से जीवन में ध्यान करने से शरीर का अंदर का भाग स्वच्छ एवं प्रसन्न हो जाता है। बुद्धि कुशाग्र होती है। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है ध्यान से सब कुछ पाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन सप्ताह भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वैशाली नगर कन्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, नगर निगम भिलाई के संयुक्त प्रयास से प्राणायाम, ध्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षिका भक्ति कोटेचा ने श्री श्री रविशंकर जी द्वारा सिखाए गए ज्ञान के महत्व के बारे में बताया। इसको सुनकर के वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर, ने कहा कि हम भी बच्चों के साथ बैठकर के ध्यान करेंगे। सभी लोगों ने मिलकर के ध्यान किया। इसमें प्रमुख रूप से वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के, स्कूल प्राचार्या संगीता बघेल आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षिका मीनाक्षी सिंह, दिनेश कोटेचा, स्थानी निवासी पिंकी परिहार, वैशाली, वर्षा उपासने, ममता सौदागर, अंजलि जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।